卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 103 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦18 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## दून में सीबीआई के छापे

### चार टीमों ने कई स्थानों पर की छापेमारी, मचा हड़कम्प

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में सीबीआई ने कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। सीबीआई के छापों से हड़कम्प मचा हुआ है। सीबीआई की ओर से की गई यह बड़ी कार्रवाई उद्योगपति विंडलास के प्रकरण से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने आज सुबह देहरादून में कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। जिसमें दर्जनों अधिकारी शामिल थे। अलग अलग टीमों द्वारा की गयी इस कार्रवाई के दौरान हड़कम्प मचा रहा। बताया गया है कि छापे की इस कार्रवाई में चार टीमों को लगाया गया है। यह भी पता चला है कि सीबीआई की यह छापेमारी राज्य सरकार की सिफारिश के बाद हो रही है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने मामले में चार मुकदमे दर्ज किए हैं, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। पिछले दिनों राज्य सरकार ने ही सुधीर विंडलाज के खिलाफ तीन मुकदमों को सीबीआई को ट्रांसफर किया था। माना जा रहहा है कि इसी को लेकर सीबीआई ने यह छापेमारी की है। समाचार लिखे जाने तक सीबीआई की कार्रवाई जारी थी। फिलहाल सीबीआई ने इस सम्बंध में किसी तरह की जानकारी नहीं दी है।



## बोलेरो खाई में गिरने से दो की मौत, एक गंभीर

### गुप्तकाशी-छेनागाड़ उछोला मार्ग पर तड़के हुआ हादसा

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुप्तकाशी-छेनागाड़ उछोला सड़क मार्ग पर एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना मंगलवार तड़के हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो वाहन संख्या यूके13टीए-0386 में वाहन चालक 26 वर्षीय सुनील पुत्र वसुदेव निवासी ग्राम उछोला तथा 50 वर्षीय दिलीप लाल पुत्र शेरू लाल निवासी ग्राम क्यार्क बरसूडी व 36 वर्षीय जगदीश सिंह पुत्र इंद्र सिंह निवासी ग्राम उछोला बैठे थे। तड़के गुप्तकाशी-छेनागाड़ उछोला सड़क मार्ग पर बोलेरो 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पहुंची। दुर्घटना में चालक सुनील व दिलीप लाल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि जगदीश सिंह को घायल अवस्था में 108 के माध्यम से हायर सेंटर भेजा गया। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दे दी गयी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



## दिनदहाड़े फायरिंग करने वाला युवक पिस्टल सहित गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मामूली बात पर गाबा चौक के पास युवक पर फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लाईसेंसी पिस्टल भी बरामद हो गयी है। बता दें मंगलवार शाम गावा चौक के पास मामूली बात पर एक जीप सवार शख्स से बाइक सवार युवक पर लाईसेंसी पिस्टल से फायर झोंक दिया था। मामले में वसीम अहमद पुत्र बब्बू निवासी आदर्श कालोनी वार्ड 29 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें वसीम ने कहा कि वह अपनी दुकान का बिजली का बिल जमा करने अपनी मोटर साईकल यूके 06 एएम 7697 पर सवार होकर से बिजली घर की तरफ जा रहा रहा था। तभी काशीपुर मार्ग की तरफ से एक जीप जिसमे एक युवक व एक महिला बैठी थी अचानक उसकी मोटर साईकिल के सामने आ गई। जिस पर जीप चालक युवक ने गाडी से उतर कर उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। मना करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गया। जब उसे रोका तो उसने उस पर रिवाल्वर तान दी। रिवाल्वर देख कर वह बिजली घर की तरफ भागने लगा। युवक ने जान से मारने की नियत से उस पर फायर कर दिया। गोली बगल से निकल गई जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। सीसी टीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की गयी और आरोपी गुरबाज सिंह निवासी डिबडिबा को गिरफ्तार कर उसके पास से लाईसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया है। बताया (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाई की शादी के कार्ड बांटने आये युवक ने जहर खाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शाहजहांपुर से भाई की शादी के कार्ड बांटने के लिए बिलासपुर क्षेत्र में आये




युवक ने संदिग्ध हालातों में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे रूद्रपुर के निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गयी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आत्म हत्या के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है। यूपी के थाना खुटार फौलीकला शाहजहांपुर निवासी 21 वर्षीय लवप्रीत सिंह पुत्र संतोष सिंह के भाई बलजीत सिंह की 5 फरवरी को शादी होनी है। रिश्तेदारी में शादी के कार्ड बांटने के लिए लवप्रीत बिलासपुर क्षेत्र में आया था। बताया गया है कि बीती शाम उसने एक ढाबे में (शेष पृष्ठ सात पर)

## आम के पेड़ पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर। दिनेशपुर क्षेत्र के ग्राम चंदन नगर में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर दिनेशपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदन नगर निवासी निताई मिस्त्री ने घर में ही स्थित आम के पेड़ में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब पांच बजे परिजनों ने निताई को पेड़ से लटका देखा तो उनके होश उड़ गये। आनन फानन में उसे पेड़ से उतारा गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)।नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने स्मैक के एक सौदागर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मुरादाबाद रोड पर हाईवे के पास से चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 जी/9690 पर फर्राटा भरते हुए एक युवक को धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम मोतीपुरा तहसील स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी राजकुमार मौर्य पुत्र रामकिशोर मौर्य बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 7.35 (शेष पृष्ठ सात पर)

### भोग/अंतिम अरदास

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी सरदार जसविन्दर सिंह कामरा जी का दिनांक 11.1.2023 को स्वर्गवास हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब जी के भोग एवं अंतिम अरदास दिनांक 19.01.023 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक स्थान भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल, रामेश्वरपुर, लालपुर में संपन्न होंगे।



शोकाकुल परिवार

पत्नी श्रीमति सर्वजीत कौर
श्रीमति प्रेम कौर (भाभी)
श्रीमती शीला देवी (भाभी)
सन्ता सिंह कामरा (बड़े भाई)
कृपाल सिंह (साला)

स. मनविन्दर सिंह कामरा (सन्नी)/
सिमरन कौर (पुत्र-बहू)
स. गुरजीत सिंह/पवनदीप कौर (पुत्र-बहू)
स. गुरुचरन सिंह कामरा (भतीजा)
स. अमर सिंह कामरा (भतीजा)
स. अमरीक सिंह कामरा (भतीजा)

फर्मः भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल, रामेश्वरपुर, लालपुर

समस्त कामरा परिवार

मो. 7454930009, 8476005123

कृप्या इस सूचना को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

## अपहरण के मामले में सिपाही समेत पांच गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपहरण के मामले में पुलिस ने पुलिस लाईन के एक सिपाही समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया कि नादिर अली पुत्र अकबर अली निवासी करतारपुर रोड गदरपुर ने दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि 17 जनवरी को उसके भाई के मोबाइल से एक व्यक्ति की काल आई जिसने कहा वह संदीप पाटनी पुलिस वाला रुद्रपुर से बोल रहा है तेरे छोटे भाई नूर अली को वह सूरजपुर गदरपुर से किडनैप कर ले गए हैं। पाँच लाख रूपये लेकर आजा तेरे भाई को छोड़ देंगे। जब उनसे कहा वह गरीब आदमी है पाँच लाख नही दे सकता। उसके पास पिताजी के इलाज के लिये पचास हजार रूपये हैं वही दे सकता है। वह बडी मुश्किल से पचास हजार रूपये पर माने। नादिर का कहना था संदीप पाटनी ने कहा कि 50 हजार रूपये लेकर काशीपुर रोड ब्रिज ओवर के नीचे उसे पैसे दे जाओ और अपने भाई को ले जाना साथ ही धमकी दी कि किसी को साथ लाये तो तुम्हारे भाई को गोली से मार देगें। नादिर बहुत डर गया था अपने दो भाइयों जफर और मुजफर को लेकर काशीपुर रोड ओवर ब्रिज के नीचे आया । उसने भाईयो को पीछे ही खड़ा कर दिया वहां पर छः लोग थे । जैसे ही उसने संदीप पाटनी को पचास हजार रूपये दिये तो उसने भाई को छोड दिया। पुलिस ने मामले में नेपाल सिह व राज चौधरी को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के बाद मामले में लिप्त विजय, सुमित नेगी, संदीप पाटनी को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया संदीप पाटनी पुलिस लाईन मे तैनात था और लम्बे समय से छुट्टी पर चल रहा था। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर पकड़े गये दोनों किडनैपर्स से सख्ती से पूछताछ कर दी है। मामले में एक आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है।

## दहेज उत्पीड़न में 6 पर केस

काशीपुर। दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दहेज उत्पीड़न के दोनों ही मामले काउंसलिंग के बाद पंजीकृत किए गए। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर शिवलालपुर डल्लू कुंडेश्वरी निवासी राजेंद्र सिंह नेगी की पुत्री शांति बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2019 की 6 मई को उसका विवाह पुष्प विहार तनु वाला देहरादून निवासी जयदीप सिंह बिष्ट पुत्र सतपाल सिंह बिष्ट के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान कन्या पक्ष द्वारा सामर्थ्य अनुसार दान दहेज देने के बावजूद पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ससुरालियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसएसपी ने 60 पुलिस कर्मियों के किये तबादले

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कानून व्यवस्था में बड़ा फेर बदल करते हुए जिले के 60 पुलिस कर्मियों के तबादले किये हैं। एएसआई चन्द्रमणी को पुलिस लाईन से उच्च न्यायालय में पैरवी हेतु नियुक्त किया गया है। हेड कांस्टेबल भुवन चन्द्र पाण्डे को पुलिस लाईन से एसओजी काशीपुर, हेड कांस्टेबल राम किशन को पुलिस लाईन से हेड मोहर्रिर कुण्डा, हेड कांस्टेबल नवीन जोशी को कोतवाली रूद्रपुर से मालखाना मोहर्रिर रूद्रपुर, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार को सितारगंज कोतवाली से मोहर्रिर सितारगंज हेड कांस्टेबल हरीश कुमार को कोतवाली खटीमा से मालखाना मोहर्रिर सितारगंज, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह को पुलिस लाईन से मालखाना मोहर्रिर झनकईया, हेड कांस्टेबल अमित कुमार को शक्तिफार्म से साईबर सेल (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड पुलिस की अनुकरणीय पहल,मुंबई से आमा की सकुशल वापसी

## अल्मोड़ा के एसएसपी प्रदीप राय ने आमा को तलाशकर लाने वाली टीम की पीठ थपथपाई

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस की सक्रियता और अनुकरीणीय पहल से मुंबई में भटक रही एक बुजुर्ग महिला को नया जीवन मिल गया है। वहीं उत्तराखंड पुलिस के डीजीपी अशोक कुमार ने अल्मोड़ा पुलिस टीम को बधाई दी हैं। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर बुजुर्ग महिला की जानकारी देने पर आभार व्यक्त कर उनकी सराहना की है। गौरतलब है कि 9 जनवरी को गुरविन्दर सिंह ढिल्लो उर्फ गौनी ने फेसबुक पेज से भिकियासैण अल्मोड़ा निवासी एक माता जी हेमा देवी जो काफी लम्बे समय से विक्षिप्त अवस्था में होने और वर्तमान मे मुम्बई मे होने सम्बन्धी विडियो वायरल कर सहायता की अपील की गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेकर श्री च्तंकममच तंप प्ैै एसएसपी अल्मोड़ा को निर्देशित किया गया कि शीघ्र बुजुर्ग अम्मा जी को मुंबई से अल्मोड़ा लाया जाय। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा तत्काल कार्यवाही कर पीआरओ/एएनटीएफ प्रभारी सौरभ कुमार भारती को वीडियों बनाने वाले व्यक्ति की जानकारी प्राप्त कर उनसे सम्पर्क करने व माता जी हेमा देवी के परिजनों के बारे में जानकारी करने हेतु निर्देशित किया गया। पीआरओ/एएनटीएफ प्रभारी सौरभ कुमार भारती ने वीडियो बनाने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी कर उनसे सम्पर्क किया गया तो उन्होने अपना नाम गुरविन्दर सिंह ढिल्लो उर्फ गौनी पुत्र श्री बलदेव सिंह, निवासी रामपुर रोड सुशीला तिवारी हल्दवानी और वर्तमान में मुम्बई में रहना बताते हुए आमा का वीडियों स्वयं द्वारा बनाकर फेसबुक पर पोस्ट करना बताया। इसके उपरान्त आमा के परिजनों की जानकारी की गयी तो माता जी हेमा देवी का मूल रुप से भिकियासैण के ग्राम कोट्याग की निवासी होना पाया गया, उक्त जानकारी एकत्र करने में अल्मोड़ा निवासी सुमित मनराल व वैभव जोशी का सहयोग रहा। आमा के परिजनों का पता लग जाने और वीडियो की सत्यता मालूम होने पर अल्मोड़ा पुलिस ने आमा को मुंबई से सकुशल लाने के लिए मानवता का मिशन शुरू किया। एसएसपी प्रीप राय के निर्देश पर थानाध्यक्ष भतरौजखान निरीक्षक संजय पाठक ने कानि0 योगेश कुमार व म0कानि0 साईन अंसारी को शामिल कर टीम गठित की। 10 जनवरी को टीम मुम्बई रवाना किया गया।



भतरौजखान पुलिस की टीम काशीपुर पहुँची, आमा की तलाश में क्षण भर भी देर ना हो इसके लिए काशीपुर से दिल्ली ट्रेनघ्ष् व दिल्ली से मुम्बई फ्लाईट से यात्रा कर 11 जनवरी को मुम्बई पहुंच गयी। मुम्बई पहुचने के बाद अल्मोड़ा पुलिस टीम स्थानीय मुम्बई पुलिस, वीडियो बनाने वाले सज्जन गुरविन्दर सिंह ढिल्लो (गोनी), समाज सेवी दान सिंह राजपूत व उनकी टीम एवं मानवाधिकार फाउण्डेशन मुंबई की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी सावंत से मिली और उनके सहायता से माता जी (आमा) की तलाश प्रारम्भ कर लगातार दिन- रात तलाश में जुटी रही। आमा की तलाश के लिए टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए और बोरीवली, कांदिवली, मलाड, अंधेरी वेस्ट व लोखंडवाला में बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, फ्लाई ओवर/ब्रिज के नीचे, लंगरों, रैन बसेरो, धर्मशालाओं आदि जगहों पर भ्रमण कर आमा की फोटो/पम्पलेट चस्पा कर व लोगों को दिखाकर पूछताछ करते रहे, एसएसपी अल्मोड़ा लगातार टीम के संपर्क में रहकर उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। बेहतरीन नेतृत्व और दिल से किए गए मानवता के इस मिशन को सफलता मिलनी ही थी आखिरकार टीम आमा को खोजने में सफल रही। अल्मोड़ा पुलिस टीम कानि0 योगेश कुमार व म0कानि0 साईन अंसारी द्वारा स्थानीय मुम्बई पुलिस, श्री गुरविन्दर सिंह ढिल्लों (गोनी), समाज सेवी श्री दान सिंह राजपुत व उनकी टीम एवं मानवाधिकार फाउण्डेशन मुंबई की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी सावंत के सहयोग से 3 दिनों से दिन- रात कड़ी मेहनत व अथक प्रयासों व एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा किए गए उत्साहवर्धन के परिणामस्वरूप 14 जनवरी की प्रात: को पुलिस टीमों द्वारा आमा को सकुशल तलाश कर लिया। आमा का स्वास्थ्य परीक्षण आदि कराकर अल्मोड़ा पुलिस टीम आमा को अपने संरक्षण में 15 जनवरी की प्रात: मुम्बई से रवाना होकर 16 जनवरीको सकुशल अल्मोड़ा पहुच गयी है। एसएसपी अल्मोड़ा ने आमा से मिलकर कुशल क्षेम पूछकर आमा को शॉल ओढ़ाकर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। आमा की तलाश में दिन-रात जी तोड़ मेहनत करने वाली पुलिस टीम के कानि0 योगेश कुमार व म0कानि0 साईन अंसारी की पीठ थपथपाकर उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत करने की बात कही गयी। अल्मोड़ा पुलिस के मानवता के मिशन आमा की वापसी को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग देने वाले मुम्बई पुलिस, श्री गुरविन्दर सिंह ढिल्लों (गोनी), समाज सेवी श्री दान सिंह राजपूत व उनकी टीम एवं मानवाधिकार फाउण्डेशन मुंबई की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी सावंत, श्री सुमित मनराल, श्री वैभव जोशी और प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से मानवता के मिशन के लिए अल्मोड़ा पुलिस का उत्साहवर्धन करने वाले सभी लोगों का हृदय की गहराइयों से कोटि कोटि धन्यवाद।

# प्रदेश के हर थाने में तैनात होंगी महिला एसआई और चार आरक्षी

## डीजीपी अशोक कुमारने परिक्षेत्र एवं जनपद प्रभारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग में की विभिन्न ऑपरेशनल एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। डीजीपी अशोक कुमार ने बुधवार को परिक्षेत्र एवं जनपद प्रभारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न ऑपरेशनल एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस मंथन-समाधान एवं चुनौतियां के तहत आयोजित वर्टिकल इंटरैक्शन में ऑपरेशनल, प्रशासनिक और पुलिसकर्मियों के कल्याण का स्तर बढ़े इसी हेतु काफी सुझाव हमें प्राप्त हुए। जिस सम्बन्ध में काफी सुझावों का संज्ञान लेते हुए आदेश जारी किये गये हैं। छुट्टी जवानों का बेसिक अधिकार है, वह उन्हें खुशी-खुशी दे दी जाए। पुलिस कर्मियों द्वारा अपने या अपने परिवार के किसी सदस्य के जन्मदिन एवं सालगिराह पर




आकस्मिक अवकाश हेतु अनुरोध किया जाता है, तो उन्हें तुरंत अवकाश दिया जाए। व्हाट्सएप पर छुट्टी के लिए आवेदन करने की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने हेतु समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। समस्त पदोन्नति प्रशिक्षणों में सीसीटीएनएस सहित नवीन तकनीकों से सम्बन्धित कोर्सेज, सॉफ्ट स्किल्स, साइबर स्किल्स, संवेदनशीलता के मॉड्यूल तैयार कर इनका प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे हमारी पुलिस सशक्त होगी। प्रत्येक थाने में एक एसओजी ट्रेन्ड आरक्षी की नियुक्ति की जाएगी। वीडियो कान्फ्रेसिंग में निम्न बिन्दुओं पर निर्देश दिए गए। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग एवं उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा अयोजित होने वाली आगामी परीक्षाओं के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने और स्थानीय अभिसूचना तंत्र को सर्तक रखते हुये सूचना संकलित करने के निर्देश दिए।महिला सुरक्षा के दृष्टिगत गौरा शक्ति मॉड्यूल में रजिस्ट्रेशन को बढ़ाया जाए। रजिस्टर्ड महिलाओं के साथ समन्वय कर उनकी शिकायत के समाधान करते हुए उन्हें सुरक्षित महसूस कराया जाए। वर्तमान में राजस्व क्षेत्र से नियमित पुलिस क्षेत्र में आए ग्रामों में सम्बन्धित थानाध्यक्ष एवं क्षेत्राधिकारी भ्रमण पर जाएं और ग्रामीणों के साथ सम्बन्धित थाने एवं अन्य महत्वपूर्ण फोन नम्बर साझा करें। जिन स्थानों पर नए थाने/चौकी खुलने हैं वहां शीघ्र खोले जाएं।हमें प्रत्येक थाने को महिला फ्रेंडली बनाना है। दोनों परिक्षेत्र प्रभारी प्रदेश के प्रत्येक थाने में एक महिला उपनिरीक्षक एवं 04 महिला आरक्षियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें। प्रत्येक जनपद में एक महिला उपनिरीक्षक को थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी बनाएं। पीएसी/आईआरबी की ऑपरेशनल कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन करें। मासिक क्राइम मीटिंग में पीएसी के दलनायक को भी बुलाएं। मानदंड के अनुसार ही ड्यूटी लगायी जाए। नफरी के अनुसार प्लाटून कमांडर और दलनायक साथ जाएं। पीएसी जवानों के मूवमेंट के दौरान जनपदों में उनके लिए चारपाइयों की व्यवस्था सम्बन्धित प्रतिसार निरीक्षकों द्वारा की जाएगी। जवान अपने साथ चारपाइयां लेकर नहीं जाएंगे।जनपदों को साइबर सेलों को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु एसटीएफ द्वारा शीघ्र ही दक्ष कर्मियों की नियुक्ति की जा रही है। कानून व्यवस्था प्रभावित होने वाली घटनाओं एवं जन आक्रोश के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को तत्कालिक परिस्थितियों के चलते बिना जांच के निलम्बित या लाइन हाजिर करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में 03 दिवस के अन्दर उक्त कर्मिक का पक्ष सुनते हुए गुण दोष के आधार पर यदि दोष सिद्ध नहीं होता है, तो उसे तत्काल बहाल या दूसरे स्थान पर नियुक्त कर दिया जाए।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# आपस में मिल जाएंगे जय और विजय पहाड़!

## पौराणिक किंवदंतियों पर चर्चा तेज: आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी देवदार के घने जंगलों के बीच भविष्य बदरी की स्थापना

देहरादून। लोक मान्यता है कि एक समय आएगा, जब जोशीमठ से आगे अलकनंदा नदी के दायें और बायें किनारों पर तीव्र ढाल बनाते हुए जय, विजय नाम के ऊंचे पहाड़ आपस में मिल जाएंगे। इससे बदरीनाथ धाम जाने वाला मार्ग बंद हो जाएगा। लोक मान्यता यह भी है कि इस भौगोलिक घटना के चलते भगवान बदरीनाथ अपने मूल स्थान से अंतर्ध्यान हो जाएंगे। जोशीमठ में भूधंसाव की घटना तीव्र होने के बीच इन पौराणिक किंवदंतियों पर भी चर्चा तेज हो गई हैं। इन किंवदंतियों को विज्ञान की कसौटी पर परखने के लिए भूविज्ञानी व उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (यूसैक) के निदेशक डा. एमपीएस बिष्ट व वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के सेवानिवृत हिमनद विशेषज्ञ डा. डीपी डोभाल चमोली जिले के सुबई गांव पहुंचे। विज्ञानियों ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी की भी धार्मिक भावना को आहत करना नहीं है। विज्ञानी होने के नाते उनका कर्तव्य है कि वह तमाम किंवदंतियों के चलते नागरिकों के मन में बैठे डर को दूर कर ठोस विज्ञानिक कारण बताएं। यूसैक निदेशक डा. एमपीएस बिष्ट के मुताबिक, किंवदंतियों के अनुसार भगवान बदरीनाथ के मूल स्थान से अंतर्ध्यान हो जाने के बाद सुबई गांव क्षेत्र में अवतरित होंगे। यह स्थान जोशीमठ से मलारी की तरफ करीब 30 किलोमीटर दूर 2600 मीटर की ऊंचाई पर है। पौराणिक मान्यता है कि यहां आदि गुरु शंकराचार्य ने देवदार के घने जंगलों के बीच भविष्य बदरी की स्थापना भी की थी। भविष्य बदरी का एक नवनिर्मित मंदिर गांव के मध्य में स्थित है। यह बात भी सामने आ रही हैं कि मंदिर में भगवान विष्णु की पद्मासन की मुद्रा वाली प्रतिमा भूसतह से धीरे-धीरे ऊपर उठ रही है। इसी तरह की एक अवधारणा का संबंध जोशीमठ में भगवान नृसिंह की शालिग्राम पत्थर की प्रतिमा से जोड़कर बताया जा



रहा है। कहा जाता है कि इस प्रतिमा की बायीं भुजा कलाई के पास से निरंतर पतली होती जा रही है। मान्यता है कि जिस दिन यह भुजा टूटकर गिर जाएगी, उस दिन जय-विजय पर्वत आपस में मिल जाएंगे। इससे बदरीनाथ जाने वाला मार्ग बंद हो जाएगा। प्रो. एमपीएस बिष्ट और डा. डीपी डोभाल ने इन किंवदंतियों को विज्ञान की कसौटी पर परखने के लिए सुबई गांव पहुंचकर वहां चार दिन तक सर्वेक्षण किया। बताया कि भविष्य बदरी के मंदिर के गर्भ में स्थित प्रतिमा का पूर्ण भौमिकीय सर्वे किया गया। इस दौरान पता चला कि प्रतिमा को ग्रेनेटिक शिला पर उकेरा गया है। यह सच है कि प्रतिमा नीचे से मध्य भाग में सतह से करीब छह इंच ऊपर है। साथ ही, वहां पर एक छोटा गड्ढा भी बन गया है। सर्वेक्षण में इसका जवाब भी तलाशा गया कि प्रतिमा का मध्य भाग क्यों छह इंच ऊपर है, इसकी वजह यह है कि उपरोक्त स्थल का तल सामान्य स्थिति कुछ नीचे है। क्योंकि जब मिट्टी के कण पानी के संपर्क में आते हैं तो वह नीचे की तरफ खिसकते हैं। इस विज्ञानिक आधार का दूसरा प्रमाण यहां के देवदार व कैल के वृक्ष भी हैं। मंदिर परिसर के सभी वृक्षों के तने समान रूप से हाकी के डंडे की भांति निचले ढाल की तरफ मुड़े हुए हैं, जो इस बात का साफ संकेत दे रहे हैं कि इस स्थान के चट्टानों के ऊपर स्थापित मिट्टी दशकों से नमी के चलते धीरे-धीरे गुरुत्वाकर्षण के कारण निचले ढालों की तरफ सरक रही है। भूविज्ञान की भाषा में इसे मृदा विसर्पण (साइल क्रीप) कहते हैं। यह प्रक्रिया हिमालयी क्षेत्रों में नमी वाले क्षेत्रों और खासकर बर्फीले इलाकों (प्रीग्लेशियल जोन) की सामान्य घटना है। ऐसे में भगवान बदरीनाथ के मूल स्थान से अंतर्ध्यान होने और भविष्य बदरी में प्रकट होने की मान्यता अविज्ञानिक लगती है। क्योंकि इस प्रकटन के लिए भगवान विष्णु की शिला का अपने स्थान पर ऊपर उठने के पीछे की अवधारणा को सही नहीं माना जा सकता। यह विशुद्ध एक भूविज्ञानिक घटना है।

# कार्यशाला में परोसे गये पहाड़ी व्यंजन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में डॉ आर एस टोलिया प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं द्वारा भोजन एवं जलपान की व्यवस्था की गई, जिसमे मुख्य रूप से पहाड़ी व्यंजन जैसे भट्ट की चुरकानी, झंगौरे की खीर,



मंडुवे की रोटी आदि परोसा गया। जिसे कार्यशाला में आए प्रतिभागियों द्वारा खूब सराहा गया। परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने कहा कि जिला मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा किए गए ऐसे प्रयास से जहां एक और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

# रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए: डॉ.महाजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आरके महाजन ने पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्र सरकार से रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने का निवेदन किया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यालय में आयोजित



पत्रकार वार्ता में डॉ,आरके महाजन ने कहा कि रामसेतु से करोड़ों हिंदू श्रद्धालुओं की भावनाएं जुड़ी है स सन 2005 में तत्कालीन यूपीए सरकार इस सेतु को तोड़कर सेतु समुद्रम प्रोजेक्ट लाने की कोशिश में जुटी थी, जिसका हिंदूवादी संगठनों ने कड़ा विरोध किया था। उन्होंने केंद्र सरकार से रामसेतु को अति शीघ्र राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने की मांग की स इस दौरान अमित धींगड़ा, हरचरण चन्ना आदि मौजूद रहे।

**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता**-7&8 ,**रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**

Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127

www.sampurnajeevan.com

**Shri Shyam Properties**

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

**प्रो. शादाब खान**

**9012051994, 6399038125**

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**अरोरा डेन्टल केयर**

Dental Facilities / सुविधायें

डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध

- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085

डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

# लम्बित आवेदन पत्रों को प्राथमिकता से निस्तारित करें बैंक सभी बैंकर्स: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सभी बैंकर्स पूरी जानकारियों एवं तैयारियों के साथ बैठकों में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम



सभागर में जिला स्तरीय समीक्षा समीति एवं जिला समन्वय समिति की बैठक लेते हुए दिये।सीडीओ विशाल मिश्रा ने सभी बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पता नहीं है, हो जायेगा, देख लेंगे की परिपाटी से बाहर निकल कर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य न करने वाले ब्रांच मैनेजरों के विरूद्ध राज्य से लेकर केन्द्रीय स्तर तक लिखित कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सीडीओ ने पूर्व में आयोजित बैठको से हटकर इस बैठक में बैंकर्स के साथ अपना डाटा शुरू में न साझा करते हुए बैंकर्स से योजनावार जानकारी ली। बैंकर्स से जानकारी के पश्चात डाटा साझा करते हुए निर्देश दिये कि आगामी बैठकों में भी बैंकर्स से ही ब्रांचवार डाटा लिया जायेगा, इसलिए सभी बैंकर्स पूरी तैयारियों के साथ बैठकों में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने आगामी बैठकों से पूर्व अपने स्तर पर ही समीक्षा करने के पश्चात बैठक आयोजित कराने के निर्देश एलडीएम को दिये। उन्होंने सभी बैंकर्स को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सर्वाधिक लम्बित आवेदन पत्रों वाली शाखाओं से समन्वय स्थापित करते हुए बैंक शिविर आयोजित कराने के निर्देश परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी को दिये। बैठक में परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, एलडीएम एमएस जंगपांगी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, डीडीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्शी, महाप्रबन्धक उद्योग उत्तम कुमार तिवारी सहित बैंकर्स आदि उपस्थित थे।

# कार्यशाला में आधार कार्ड आपरेटरों को दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अल्मोड़ा के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आधार कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के अंतर्गत आधार कार्ड बनाने के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी विभागों के आधार आपरेटरों जिनमें तहसील, बैंक, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग आदि को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से आए हुए अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही आधार आपरेटरों को आधार कार्ड बनाने एवं उसमे होने वाले संशोधनों से संबन्धित आ रही समस्याओं का निराकरण के तरीके भी बताए गए। इस आधार कार्यशाला में मुख्य बिन्दु डॉक्यूमेंट अपलोड पर विशेषज्ञों द्वारा यह अवगत कराया गया है कि सभी लोगों के आधार में पहचान प्रमाण पत्र तथा पता प्रमाण पत्र को डॉक्यूमेंट अपलोड के माध्यम से अपलोड करवाना है तथा जिस व्यक्ति के आधार में डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं हुआ होगा, इसको यह सभी औपचारिकताएं अनिवार्य रूप से करनी हैं। इस क्रम में जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिये है कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा



प्रत्येक ग्रामवासियों को उक्त संबंध में जागरूक करें तथा नजदीकी आधार केंद्र में जा कर अपने आधार में पहचान प्रमाण पत्र(पीओआई) तथा पता प्रमाण पत्र (पीओए)को 'डॉक्यूमेंट अपलोड' के माध्यम से अनिवार्य रूप से अपलोड करवाने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि सभी आधार केंद्र संचालित बैंक अपने खाताधारकों का आधार में पहचान प्रमाण पत्र (पीओआई) तथा पता प्रमाण पत्र पीओए को 'डॉक्यूमेंट अपलोड' के माध्यम से अनिवार्य रूप से अपलोड करें। आधार कार्यशाला में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से परियोजना प्रबन्धक उत्तराखंड शिव प्रसाद उनियाल व सहायक परियोजना प्रबन्धक उत्तराखंड शुभम त्यागी, ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबन्धक पवन सिंह खड़ाई तथा सभी विभागों से आए हुए आधार ऑपरेटर उपस्थित थे।

# बाल अधिकारों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। डॉ आर एस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार में बाल अधिकारों पर संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, परियोजना निदेशक एवं अन्य ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि इस ट्रेनिंग का उद्देश्य बाल अधिकारों के प्रति शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस तथा चिकित्सा विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में सभी अधिकारियों के सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए जाएंगे तथा उन सुझावों के आधार पर बाल अधिकारों के हितों में एसओपी बनाए जाने में काफी मदद मिलेगी। उत्तराखंड प्रशासन अकादमी की उप निदेशक पूनम पाठक ने बताया कि विभिन्न विषयों पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के क्रम में इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल अपराधों एवं अधिकारियों को अन्य बाल समस्याओं के प्रति जागरूक करते हुए अभिभावकों तक पहुंच बनाना है तथा समाज में बच्चों के प्रति एक सद्भावनात्मक माहौल बनाना, उनके प्रति नम्र व्यवहार बनाना है। इस दौरान बच्चोंका नशे के प्रति बढ़ते रुझान, यौन हिंसा, बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता लाना, बच्चों में उचित पोषण एवं उनकी देखभाल जैसे विभिन्न मामलों पर जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण, उत्तराखंड प्रशासन अकादमी की ट्रेनर डॉ मंजू ढोंढियाल, पुलिस के अधिकारी, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मेला समिति ने कलम के जादूगर को किया सम्मानित

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट नगर पंचायत द्वारा पहली बार पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। उत्तरायणी मेले मेंएनयूजेआई संरक्षक और हिंदुस्तान समाचार पत्र के जिला प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र पांडे को उनकी निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता और समाज को जागरूक करने के लिए अपनी लेखनी से विशेष छाप छोड़ने पर किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट सांसद प्रतिनिधि दयाल ऐठानी के द्वारा द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट की विशेष पहल से भराड़ी कपकोट में आयोजित होने वाले मेले कोएतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ी गई है। मेले का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष बसंती देव और स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया द्वारा किया गया।मेले को भव्य बनाने के लिए हर कोई अपने स्तर से मेले को भव्य बनाने में जुटे हैं।मेले में विभिन्न कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेलाध्यक्ष बिष्ट ने मेले को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सभी लोगों से सहयोग की अपील की। मेले में विधायक का ठुमके लगाना, और पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोहर राम के गीतों ने दर्शकों का मनमोह लिया। भराड़ी मेले में मुख्य अतिथि विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, ब्लाकप्रमुख गोविन्द दानू,ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा सभासद और पत्रकार तनुज तिरूवा सहित अन्य सभासद मौजूद थे।



**ANANT GRAPHICS**

All Kinds of Printing Solution...

Price | Time | Quality

We Deals In

Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing

More information call us 98377 77818

Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# व्यापारियों ने थाना घेरा,आंदोलन की दी चेतावनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका द्वारा एक सफाई कर्मचारी को ढाल बनाकर थाने में दी गई तहरीर के खिलाफ आक्रोशित व्यापारियों ने अनाज मंडी परिसर में सभा करके जुलूस के रूप में थाने पहुंचकर घेराव किया। वही थानाध्यक्ष की गैरमौजूदगी में प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने रात्रि में व्यापारियों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच की बात कही और न्याय संगत कार्रवाई किए जाने के लिए व्यापारियों को संतुष्ट किया। व्यापारियों ने पीड़ित व्यापारियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए जाने पर बाजार बंद और थाने में धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। विदित हो कि गत दिनों नगर पालिका की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों के अंतर्गत नगरपालिका का बोर्ड यूनीपोल लगाकर लगाए जाने पर कुछ सभासदों ने आपत्ति जताई थी जिस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार से वार्ता के उपरांत अधिशासी अधिकारी द्वारा बिना सहमति के यूनीपोल ना लगाए जाने की बात भी कही गई थी वही सोमवार रात्रि लगभग 9:30 बजे श्री सनातन धर्म मंदिर वार्ड नंबर 10 के गेट के सामने नगर पालिका गेट पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा यूनीपोल लगाकर मार्ग अवरुद्ध किए जाने के मामले में व्यापारियों द्वारा विरोध जताए जाने पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा उक्त कार्य को रुकवाया गया वहीं व्यापारियों द्वारा थाने में तहरीर देकर अतिक्रमण करके जबरन यूनीपोल लगाए जाने के मामले में न्याय संगत कार्रवाई की मांग की गई थी। मंगलवार प्रातः नगर पालिका प्रशासन द्वारा एक सफाई कर्मचारी के नाम से थाने में तहरीर देकर मारपीट ,अभद्र व्यवहार ,गाली गलौज का आरोप लगाते हुए लगभग आधा दर्जन सभासद एवं व्यापारियों के नाम तहरीर देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई । इस घटनाक्रम के बाद व्यापारियों ने अनाज मंडी में एक बैठक बुलाई जहां व्यापारियों ने पीड़ित व्यापारियों का समर्थन करने का ऐलान करते हुए यूनीपोल जो कि नगर पालिका द्वारा नाली से 3 फुट बाहर अतिक्रमण करके लगाया जा रहा है ना लगने देने की चेतावनी दी। प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगरपालिका द्वारा तहरीर में व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया तो मजबूरन उन्हें अपने प्रतिष्ठान बंद करके थाना परिसर अथवा नगर पालिका में धरना आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा ।इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, धर्मचंद खेड़ा ,वेद बजाज, पंकज सेतिया, आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश घीक, अजय खेड़ा, सभासद मनोज गुंबर ,परमजीत सिंह, सुरेश खुराना,सिद्धार्थ अरोरा, कृष्ण सुधा, कृष्ण अनेजा, सतीश अनेजा, अशोक हुड़िया,राकेश भुड्डी, पंकज सेतिया ,अशोक धीर, सुखविंदर सिंह ,अशोक पॉपली, पंकज बजाज ,ज्ञानचंद बजाज, हैप्पी चंद्रा, जसविंदर सिंह, गोपाल सिंह, पूर्व सभासद मोहम्मद आलम, मदन आहूजा, सुखविंदर सिंह ,कृष्ण लाल,संजीव अरोरा, लेखराज नागपाल, रोमिल गाबा,मनीष फुटेला, विजय सिडाना , सनी बत्रा ,यशपाल गुंबर, रोहित कालड़ा, टीकम खेड़ा ,बंटी पॉपली, अनिल नारंग, अंकुश ग्रोवर, मोती खेड़ा, मयंक चुघ,डा.सोनू ,संजीव अरोरा, विजय छाबड़ा , अजय गाबा, मदन धींगड़ा ,संजीव अरोरा ,परविंदर गब्बर, संजीव डोडा,मनजीत सिंह सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।





# फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों में तेजी लायें: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाताए)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मंगलवार को उद्योग मित्र की बैठक सम्पन्न हुई। सीडीओ ने उद्योग जगत से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण हेतु दो माह के अन्तराल पर बैठकें आयोजित कराने के निर्देश महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने औद्योगिक इकाईयों को कम्पलीशन सर्टिफिकेट से सम्बन्धित आवेदन पत्रों को 15 दिन के भीतर निस्तारित करने के निर्देश सीडा के अधिकारियों को दिये। उन्होंने सिडकुल क्षेत्र पन्तनगर में बनी हुई दुकानों के आवंटन हेतु तेजी से कार्यवाही कराने के निर्देश आरएम सिडकुल को दिये। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों हेतु स्वीकृत फुट ऑवर ब्रिज निर्माण हेतु त्वरित गति से कार्यवाही करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। उन्होंने बाजपुर इण्डस्ट्रियल क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों की फोटोग्राफी सहित विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश आरएम सिडकुल को दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश विद्युत विभाग के अभियंताओं को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि रोस्टिंग की आवश्यकता हो तो रोस्टिंग के बारे में इण्डस्ट्रियों को पहले से ही अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी इण्डस्ट्रीज के मैनेजमेंट को प्रत्येक माह कर्मचारियों के साथ बैठक करने को कहा। उन्होंने सिडकुल के कैरोलिया लाईटिंग के पास सड़क पर लगे इण्डस कम्पनी के टावर को 31 जनवरी तक शिफ्ट कराने के निर्देश आरएम सिडकुल को दिये। इसके साथ ही एसईडब्लूएस द्वारा 8 बिन्दु, केजीसीसीआई काशीपुर द्वारा 8 एवं एसएसआई द्वारा 2 बिन्दु रखे गये जिस पर विस्तार से चर्चा करते हुये सीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिता के आधार पर निस्तरण करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ला, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर गोडके, सीएफओ वीबी यादव, एलडीएम एमएस जंगपांगी, महाप्रबन्धक उद्योग उत्तम कुमार तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, जिला आबकारी अधिकारी हरीश चन्द्र, आरएम सिडकुल कमल किशोर कफल्टिया, रविन्द्र सिंह, मैनेजर एनएचएआइ अक्षत विश्नोई, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध सहित औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारी व सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# आईजी ने की संपत्ति जब्तीकरण मामलों की समीक्षा

## कुमाऊं में होगी 20 लोगों की संपत्ति जब्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे द्वारा कुमाऊं परिक्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में विवेचना कर रहे विवेचक के साथ कैंप कार्यालय हल्द्वानी में संपत्ति जब्तीकरण के मामलों की समीक्षा कर तत्काल तत्काल संपत्ति जब्ती करवाने हेतु निर्देश निर्गत किए गए। समीक्षा के दौरान उन्होंने पूरे कुमाऊं में तत्काल कार्रवाई हेतु कुल 20 मामले चिन्हित किए। जिनमे जनपद उधम सिंह नगर के 10, जनपद नैनीताल के 7, जनपद अल्मोड़ा का 1, जनपद चंपावत के 2 मामले शामिल हैं। उन्होंने नौकरी के नाम पर युवाओं को झांसा देकर करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने वाले गैंगस्टर रितेश पांडे की संपत्ति (मकान व वाहन )सीज करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं वर्ष 2022 में खनन पट्टे को लेकर शांतिपुरी में संदीप हत्याकांड में नामजद मोहन सिंह मेहता की भी संपत्ति जब्ती की कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त थाना टनकपुर जनपद चंपावत के एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त नुक्ता प्रसाद की संपत्ति, जनपद उधम सिंह नगर में गैंगस्टर एक्ट एक्ट के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण में प्रभावी कार्यवाही करने वाले उप निरीक्षक कमलेश भट्ट थानाध्यक्ष पुलभट्टा, उप निरीक्षक अनिल उपाध्याय थानाध्यक्ष दिनेशपुर, वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल जोशी कोतवाली जसपुर को आईजी कुमाऊं ने 2500-2500 रुपए का नगर पुरस्कार दिया।



# टैंट एसोसिएशन ने भेजे प्रदेश पदाधिकारियों के नाम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा प्रदेश कार्यकारणी के मनोनय हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश भट्ट व संरक्षक हरजीत सिंह सच्चर के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदेश महामंत्री हेतु गिरीश हैड़िया, प्रदेश महामंत्री नवीन पाण्डे (सन्नू) को, कुमाऊँ मण्डल प्रभारी धीरज पाण्डे को प्रदेश संगठन मंत्री पद पर मनोनीत करवाने का प्रस्ताव पास किया गया। जिसे प्रदेश संरक्षक हरजीत सिंह सच्चर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश भट्ट ने प्रस्ताव पारित कर प्रदेश अध्यक्ष दाऊदयाल अग्रवाल को प्रेषित किया। प्रस्ताव में महानगर अध्यक्ष हर्षवर्द्धन पाण्डे, महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कुमाऊँ मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र पाल सिंह, महानगर उपाध्यक्ष मनोज कपिल, महानगर संरक्षक प्रताप गौड़, जगदीश जोशी, गोपाल भट्ट, अनिल आर्य ने समर्थन किया।




# बजाज ऑटो ने ग्रीन बिजनेस को बढ़ावा देने पर दिया जोर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपल्यक्ष में बजाज ऑटो - भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीए-बिवायएसटी) द्वारा तिमाही गेट टू गेदर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से ग्रीन बिजनेस को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। गोष्ठी में स्टार्टअप्स की शुरुआती समस्याओं फंडिंग पिचिंग जैसी विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी में बजाज ऑटो की सीएसआर हेड श्वेता वर्मा ने यंग एंटरप्रेन्योर्स को मोटिवेट करते हुए कहा कि किसी भी स्टार्टअप को इन्वेस्टर की तलाश करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि इन्वेस्टर आपकी इंडस्ट्री का है। उन्होंने कहा कि एक नया स्टार्टअप शुरू करने के दौरान बहुत सारे चैलेंज सामने आते हैं लेकिन उन चैलेंज को पार करके ही आगे बढ़ना होता है। उन्होंने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट के कार्यों की प्रशंसा की। इंपीरियल ऑटो के एचआर हेड अनूप सिंह ने कहा कि आज देश में ग्लोबल वार्मिंग की जो स्थिति है उसके मद्देनजर ग्रीन बिजनेस मॉडल पर सरकार का फोकस है। पर्यावरण तथा समाज पर कोई नकारात्मक प्रभाव ना पड़े। इसके लिए आज रिसाइकिल वस्तुओं से बहुत प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं । ईंट और ब्लॉक का निर्माण हो रहा है ,जो कार्यालय पार्टिशन और अन्य कार्यों के लिए सस्ते दरों पर उपलब्ध हो रहा है। गोष्ठी में रुद्रपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक अतुल बंसल इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा प्रबंधक गौरव सिंह ने भी अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली मे आयोजित शाश्वत विकास के लिये सूक्ष्म उद्यम का सक्षमीकरण इस विषयपर आयोजित गोष्ठी मे भी उन्होंने ऑनलाइन सहभाग लिया गया। गोष्ठी का संचालन बीए-बिवायएसटी की मेंटर चंद्रकला राय ने किया इस दौरान भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट के उद्यमी, मेंटर, बैंकर, कॉलेज के छात्र बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।










# कमिश्नर की छापेमारी से मचा हड़कंप

## कमिश्नर दीपक रावत ने हल्द्वानी बाजार में किया स्थलीय निरीक्षण, नगर निगम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश, फर्नीचर मार्ट और सब्जी मंडी में भी छापेमारी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने हल्द्वानी बाजार में कई स्थान पर स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही मौके पर मिली अनियमित्ता मिलने पर चालान काटकर सख्त कार्यवाही की गई है। निरीक्षण के दौरान कारखाना बाजार से लेकर सब्जी मंडी और मंगल पड़ाव कालाढूंगी चौराहा तक कमिश्नर ने बाजार में प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित अतिक्रमण का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। वहीं हल्द्वानी में कमिश्नर की ताबड़तोड़ कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके अलावा कुमाऊं कमिश्नर ने कालाढूंगी रोड में हल्द्वानी फर्नीचर मार्ट आरा मशीन पर भी छापेमारी की जहां आरा मशीन के रिनुअल और बिजली मीटर को संदिग्ध पाते हुए वन विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जांच की। आरा मशीन का बिल विगत माह मात्र 5511 आए जाने पर विद्युत विभाग को मौके पर बुलाकर चेक मीटर लगाया गया जिसकी 15 दिन तक विद्युत विभाग द्वारा जांच कर रिपोर्ट सौंपी जायगी। शाम के समय कुमाऊं कमिश्नर शहर के निरीक्षण में पैदल निकले। उन्होंने कारखाना बाजार होते हुए हल्द्वानी सब्जी मंडी में पॉलिथीन को लेकर औचक निरीक्षण किया। कई दुकानों से कमिश्नर ने पॉलिथीन भी जप्त की। इसके साथ ही बाजार में भ्रमण करते हुए अतिक्रमण को देख दर्जनों दुकानदार अपने दुकान से बाहर सड़क पर अतिक्रमण करते हुए पाए गए जिसपर कमिश्नर ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को लगातार अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान खाम परिसर के पास स्थित अवैध दुकानें जिनका की गिरने का खतरा बना हुआ है, उन 44 दुकानों का प्राधिकरण द्वारा चालान भी किया गया। इसके साथ ही नगरनिगम की टीम द्वारा भी सार्वजनिक संपत्ति पर लगे निजी होर्डिंग, बैनर के चालान भी किये गए। कालाढूंगी चौराहा होते हुए कमिश्नर पैदल अतिक्रमण की व्यवस्था देखते हुए मुखानी की तरफ आगे बढ़े तो हल्द्वानी फर्नीचर मार्ट में कमिश्नर ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आरा मशीन के रिनुअल के बारे में पूछने पर पता चला कि लाइसेंस रिनुअल होने गया है जिस पर कुमाऊं कमिश्नर ने मौके पर ही वन विभाग के अधिकारियों को बुलाया। इसके साथ ही आरा मशीन में बिजली की कम खपत होने की संदिग्ध ता देखते हुए कुमाऊं कमिश्नर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जांच करें। इसके साथ ही लकड़ी पर जीएसटी तथा लकड़ी खरीद में ठीक से मिलान ना होने पर पूरी जांच करने के निर्देश दिए। चन्दन फार्मेसी का नवीनीकरण समाप्त होने पर भी संचालन पाए जाने पर दुकान को सील व फार्मेसी में फार्मासिस्ट की गैर मौजूदगी होने पर सम्बन्धित फार्मासिस्ट के लाइसेंस को निरस्त करने के निर्देश ड्रग इंस्पेक्टर को दिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि बिना फार्मेसिस्ट के संचालित हो रही समस्त दुकानों की जांच कर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही कमिश्नर ने शहर में टैक्स चोरी कर लाए जा रहे गुटके और सिगरेट को लेकर भी जीएसटी के अधिकारी से जांच कर आख्या देने को कहा है। कुमाऊं कमिश्नर ने पॉलिथीन को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त को ताबड़तोड़ छापेमारी चलाई जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाजार में पॉलिथीन के इस्तेमाल पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पॉलिथीन पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए।









# श्री बालाजी महाराज की निकली भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर(संवाददाता)। श्री सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर धाम, आदर्श कालोनी के 23 वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मंदिर से श्री बालाजी महाराज जी की बैंड बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें विभिन्न राजनैतिक, व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक व अन्य संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर श्री बालाजी महाराज का गुणगान किया। इस दौरान सारा वातावरण श्री बालाजी महाराज के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। शोभा यात्रा में कई झांकियां भी प्रदर्शित की गई थीं। जिनमें गणेश जी, महाकालजी , बाहुबली, भगवान हनुमान, श्री राधा कृष्ण, खाटू श्याम जी, श्री शिव पार्वती, मां काली, श्री पंचमुखी हनुमान जी, बन्देमातरम, मां तुझे सलाम, आदि झांकियां शामिल थीं। शोभा यात्रा श्री बालाजी मंदिर से महुत रमेश वशिष्ठ के सानिध्य में प्रारम्भ होकर आदर्श कालोनी, काशीपुर बाईपास रोड़, डीडी चौक, इंद्रा चौक सहित कई मार्गों व बाजार क्षेत्र से होकर गुजरती हुई वापस मंदिर में समाप्त हुई। मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर शोभा यात्रा में शामिल भक्तजनों को फल, मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरित किया गया।काशीपुर बाईपास रोड पर स्थित आर एस साइकिल स्टोर पर व्यापार मण्डल के जिला मंत्री राजकुमार सीकरी समेत अन्य लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरित किया। उधर नैनीताल रोड पर सुपर मार्केट के सामने बाबा भक्त मण्डल के विक्की मुंजाल समेत अन्य लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए प्रमुख लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शोभा यात्रा में महंत रमेश वशिष्ठ, आचार्य ब्रजरज अभिषेक वशिष्ठ, विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, बलराज पासी, भारत भूषण चुघ, विवेक सक्सेना, राजेश शुक्ला, मोहित कक्कड़, मुकेश वशिष्ठ, संजय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, हरीश अरोरा, पूर्ण चंद अरोरा, पवन गाबा, अशोक गुंबर, रिंकू खेड़ा, सुनील यादव, मयंक वशिष्ठ, संजय ठुकराल, पंकज अरोरा, संजय राजपूत, अजय फुटेला, शिवम सेठी, पारस अरोरा, सागर छाबड़ा, विशाल सिंह, तनीश सीकरी, करण फुटेला, पंडित महेश शमा, शुभम वशिष्ठ समेत कई लोग मौजूद थे।

# घर घर पहुंचेगी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा: मीना

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता रुद्रपुर पूर्व पालिका अध्यक्ष तथा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की किच्छा प्रभारी मीना शर्मा द्वारा की गई। मीना शर्मा ने बताया कि पूरे देश कांग्रेस में भारत जोड़ों की अपार सफलता के साथ कांग्रेस द्वारा सह यात्रा के रूप में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारंभ किया जा रहा है जो पूरे देश में निकाला जाएगा। यह अभियान 26 जनवरी से लेकर 26 मार्च तक चलेगा। उन्हें इस अभियान के तहत विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा ब्लॉक का प्रभारी राशिद अंसारी को बनाया गया है। 26 जनवरी से 2 माह तक इस यात्रा को विधानसभा के प्रत्येक गांव गांव चलाएंगे तथा आम जनता से मिलेंगे, पदयात्रा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा। पदयात्रा का नेतृत्व करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में से एक या दो वरिष्ठ नेताओं को नियुक्त किया जाएगा। यह विशाल पदयात्रा के रूप में देश के सभी ग्राम पंचायतों गाँव गांव और मतदान केंद्रों को कवर करेगा तथा इस यात्रा के तहत गांव-गांव में कांग्रेस का झंडा फहरा कर गांव-गांव यात्रा शुरू करेंगे। हर गांव में बैठक की जाएगी तथा लोगों से डोर टू डोर संपर्क भी किया जाएगा। हर गांव में व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे बाइक रैली निकाली जाएगी तथा मोदी सरकार की नाकामियों को आम जनता तक बताया जायेगा। बैठक में सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने अपने सुझाव रखे वह अभियान को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, हाजी सरवर यार खान, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड,रामबाबू प्रधान, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, विनोद पंत, सभासद लियाकत अंसारी, दानिश मलिक,जगरूप सिंह गोल्डी, आरिफ कुरैशी, ओम प्रकाश दुआ, नजाकत खान,एन यू खान, अक्षय बावा,अफजाल सेरी,इन्तजार मलिक, फजील खान, दुर्गेश गुप्ता,इम्तियाज मलिक, त्रिवेणी साई, छोटेलाल कोली, गंगवार, अशोक मित्रा,विक्रम कोरंगा, जसविंदर सिंह,हरविंदर सिंह, जीवन जोशी, मंगली प्रसाद, शोएब अहमद, मोहम्मद शावेश , रिजवान अंसारी, धर्मेंद्र सिंधी साहिल राज, मिबायल कुरैशी, विक्रम कोरंगा, इम्तियाज मलिक, ताहिर मलिक, नंदलाल कोली अर्जुन कोली, राजू मौर्य, बाबू कोली, छोटू कोली,निर्मला देवी, मीना देवी, गीता, रेखा, रंजनी, दीपा,रितु, चंद्रावती, आदि लोग उपस्थित रहे।



# छह दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये

गदरपुर(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 50 नए पियर एजुकेटरों को 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में किया गया।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती माया चनयाना द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन करते हुए नए पियर एजुकेटर को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सभी से अपेक्षा है कि आप सभी सामुदायिक स्तर पर लोगों को पोषण बढ़ाना, मातृ स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी देना, घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक करना, तम्बाकू सहित अन्य न देंवद देंवद नसों किसी भी प्रकार के नशो की प्रवृत्ति की रोकथाम एवं गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक करेंगे स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। जिसमे उनके द्वारा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पियर एजुकेटरों को पुरस्कार एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया।




राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम अधिकारी मोव आमिर खान द्वारा आरकेएसके कार्यक्रम पर 6 उद्देश्यों के बारे में बताया गया। उक्त प्रशिक्षण में आरकेएसके के काउंसलर राधा देवी,डोरी सिंह,मोहित सक्सेना, संजय रावत आदि लोग उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मतदान की नयी व्यवस्था

दूरस्थ मतदान मशीन यानी आरवीएम शुरू करने के निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव को विपक्षी दलों ने शुरुआती चरण में ही अस्वीकार कर दिया। हालांकि जब आयोग ने इसे शुरू करने का प्रस्ताव रखा, तभी इसका विरोध शुरू हो गया था। इसके व्यावहारिक पक्षों को लेकर तरह-तरह के सवाल उठाए और शंकाएं जताई जा रही थीं। निर्वाचन आयोग ने सभी दलों को निमंत्रित किया था कि वे आएं और आरवीएम से संबंधित अपनी शंकाएं और सुझाव साझा करें। निर्वाचन आयोग मशीन के व्यावहारिक पक्षों को समझाना और उनकी सहमति मिलने के बाद इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता था। मगर विपक्षी दलों ने एक स्वर से इस पर असहमति जता दी। उनका कहना है कि अभी इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन यानी ईवीएम को लेकर उठ रही शंकाओं के समाधान ही निर्वाचन आयोग नहीं कर पाया है, ऐसे में वह घरेलू प्रवासियों के लिए उसी तरह की मशीन से नई मतदान व्यवस्था करने की पहल कैसे कर सकता है। कुछ नेताओं ने यह तक पूछा कि आयोग मतदान तो कराना चाहता है, मगर प्रवासी मजदूरों के बीच राजनेता अपना प्रचार करने कैसे जाएंगे। इस तरह आरवीएम के व्यावहारिक पहलुओं पर कई गंभीर सवाल खड़े किए गए। जाहिर है, अब इस प्रणाली पर निर्वाचन आयोग के लिए आगे कदम बढ़ाना संभव नहीं होगा। दरअसल, पिछले अनेक चुनावों से देखा जा रहा है कि मतदान को लेकर लोगों में उदासीनता बनी हुई है। हर चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में मत प्रतिशत कुछ कम दर्ज होते हैं। हालांकि निर्वाचन आयोग लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने का पूरा प्रयास करता है। मगर खासकर शहरी मतदाता में उत्साह नहीं पैदा हो पाता। कई जगहों पर तो पचास फीसद से भी कम मतदान होता है। इस तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रश्नांकित होती है। पचास फीसद से भी कम मतदान के बावजूद प्रतिनिधि तो निर्वाचित होते ही हैं, सरकार बनती ही है। फिर सवाल उठता है कि वह सरकार किन लोगों ने बनाई है। विचित्र स्थिति तब देखी जाती है जब कम मत प्रतिशत वाले दल की संख्या अधिक हो जाती है और वह सत्ता में आ जाता है और अधिक मत प्रतिशत वाला दल बाहर रह जाता है।इस स्थिति को समाप्त करना निस्संदेह निर्वाचन आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। मगर यह कैसे संभव हो, इसका उपाय वह निकाल नहीं पाया है। उसे लगता है कि अगर प्रवासी लोगों को अपने मतों का प्रयोग करने की सुविधा मिल जाए तो इससे मत प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सकती है। लंबे समय से रेखांकित किया जाता रहा है कि जो लोग कामकाज, पढ़ाई-लिखाई या दूसरी वजहों से अपना घर-बार छोड़ कर दूरदराज जगहों पर रहने को मजबूर हैं, उन्हें भी अपने मताधिकार का उपयोग करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। मगर इसका कोई व्यावहारिक रास्ता अभी तक नहीं निकाला जा सका है। पिछले कुछ सालों में ग्रामीण इलाकों से बहुत तेजी से पलायन बढ़ा है। ऐसे में बड़ी संख्या में ऐसे लोग शहरों में रहने लगे हैं, जिनका मतदाता सूची में नाम अपने गृह प्रदेश में है। निर्वाचन आयोग ने इसी के मद्देनजर दूरस्थ मतदान मशीन की व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। इसके तमाम तकनीकी पहलुओं पर उसने विचार भी कर लिया है। अगर यह लागू हो जाती, तो बेशक इससे न सिर्फ मतदान प्रतिशत बढ़ता, बल्कि अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित लाखों लोगों को सुविधा मिल पाती। इस दृष्टि से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

# नाबालिगों के संरक्षण के लिए ठोस पहल करें अधिकारी : डीएम

## जबरन नाबालिकों के साथ किसी भी प्रकार से मजदूरी कराने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने के दिये निर्देश



बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल नाबालिकों के अधिकारों को लेकर सख्त हो गई है,जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए कही भी जबरन नाबालिकों के साथ किसी भी प्रकार से मजदूरी कराने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।डीएम ने अधिकारियों को कोताही बरतने और कही भी बाल मजदूरी पाए जाने पर अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। खान क्षेत्रों में मजदूरों के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकरण किए जाने के आदेश दिए हैं साथ ही कहा है कि श्रम विभाग व खान विभाग मिलकर मजदूरों के बच्चों के लिए किसी केयर टेकर या अध्यापिका की व्यवस्था स्वयं करे। उन्होंने स्कूलों के पास नशीले पदार्थ बेचने व नाबालिग बच्चों को शराब आदि नशीलेपदार्थन बेचने के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए।अपने कार्यालय में बाल संरक्षण से संबंधित हितधारक विभागों की समीक्षा बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मजदूरों के बच्चों को कार्य स्थल या किसी खतरे वाले स्थान पर कतई नहीं रखा जाय तथा उनके हित के लिए पात्र बच्चों को निकटतम आंगनबाडी केंद्र में दाखिला किया जाय। उन्होंने जनपद के खनन क्षेत्र व बढ़े निर्माण स्थल के ठेकेदार से मिलकर उनके माध्यम से मजदूरों के बच्चों के लिए केयर टेकर व अध्यापक की तैनाती खान मालिक के माध्यम से करने को कहा। इसके लिए श्रम परिवर्तन अधिकारी व खान अधिकारी से अभियान चलाने को कहा। जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे स्कूली बसों की नियमित चेकिंग करने तथा बसों में महिला कंडक्टर होने के साथ ही अन्य मानकों की जांच किए जाने को कहा। संचालन करते हुए जिला प्रोबेसन अधिकारी हेम तिवारी ने बताया कि जनपद में मिशन वात्सल्य के तहत लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों को इसका लाभ प्रदान कर दिया गया है। उन्होंने जनपद में बाल श्रम रोकने आदि की जानकारी दी। बैठक में सीडब्लूसी अध्यक्ष दीवान सिंह दानू समेत जिला मुख्य परिवीक्षा अधिकारी संतोष जोशी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा एनएस टोलिया, बाल विकास अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, सीओ एसएस राणा, सीईओ के प्रतिनिधि चक्षुपति अवस्थी, श्रम परिवर्तन अधिकारी राजेंद्र बिष्ट, स्वास्थ्य विभाग के परामर्शदाता जय जोशी समेत सीडब्लूसी व जेजेबी के सदस्य उपस्थित थे।

# वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सौंपे प्रस्ताव

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर पालिका परिषद गदरपुर की सभासद



लीना संजीव झाम ने पालिका कार्यालय में बोर्ड की बैठक के दौरान आजादनगर वार्ड नं. 10 में विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी/पालिकाध्यक्ष को प्रस्ताव दिए है। सभासद झाम ने हरिचंद छाबडा के घर से गन्ना समिति के भूखण्ड तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य। ,फिरासत बारदाना दुकान से नदी तट तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल सहित टुबडी घाट का निर्माण कार्य। शमीर चन्द भुसरी के घर से मदरसे तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनों ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य ।सरदार जी फेमली रेस्टोरेन्ट से स्टेट बैंक तक सी.सी. टाइल्स सडक, नाली व नाली के उपर लोहे के जाल सहित निर्माण कार्य ।गुलाम हुसैन के घर से मौ. हनीफ के घर तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य। अमन बेकरी से लेकर मुख्य बाजार तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य। डा. ओ.पी. खुराना के घर से लेकर वेदराज बजाज जी के घर तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य। उपकार प्रिंटिंग प्रेस से लेकर नवयुग विद्या मंदिर स्कूल तक सी.सी. टाइल्स सडक, सडक के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य। नजीर अहमद के घर से लेकर श्याम कालडा की दुकान तक सी.सी. टाइल्स सडक, सड़क के दोनो ओर नाली व नाली के उपर लोहे के जाल का निर्माण कार्य आदि निर्माण कार्यों के प्रस्ताव प्रेषित करते हुए जनहित में निर्माण कार्यों की स्वीकृति देने की मांग की है।

# पीस फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को फिनलैंड की



सीएमआई मार्टी आख्तिसारी पीस फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान सदस्यों ने संगठन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठन गैर सरकारी संगठन है जो संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से संघर्ष रोकने और हल करने के लिए काम करता है। संगठन के संस्थापक नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और फिनलैंड के पूर्व राष्ट्रपति मार्टी आख्तिसारी है। संगठन की उपस्थिति 20 से अधिक देशों में है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि संगठन का विजन और मिशन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति व सद्भाव से ही स्थापित कर हम अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों का हल निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि संघर्षों का हल करने और दुनिया भर में स्थायी शांति का निर्माण करने के क्षेत्र में सीएमआई बड़ी भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की धारणा हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की रही जिसमें पूरी पृथ्वी को ही एक परिवार के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि अन्य राष्ट्रों को भी भारत की इस महान परंपरा से प्रेरणा लेनी होगी। इस अवसर पर संगठन के एशिया हैड ऑस्करी ऐरोनेन, सीनियर एडवाइजर जैको ओक्सानेन, लीसा कुईना देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उप कुलपति चिन्मय पांड्या उपस्थित रहे।

# मेरी किस्मत का सितारा आपके हाथों में है..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति मझोला की ओर से श्याम मंदिर मझोला में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन मोहत्सव में बरेली से आये भजन गायक कुक्की अरोड़ा और पीलीभीत के सुलभ आनन्द ने अपने भजनों से श्याम बाबा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



विधिवत ज्योति प्रज्वलित करके संकीर्तन का शुभारम्भ हुआ। गणेश वंदना और गुरू वंदना के साथ संकीर्तन की शुरूआत हुई। भजन गायक सुलभ आनन्द के मेरे बाबा आ गए मझोला मै आप के लिए....,लेने आजा खाटू वाले रिंगस के उस मोड़ पे,मेरी किस्मत का सितारा आपके हाथों में है आदि भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं भजन गायक कुक्की अरोड़ा ने भी अपने भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन में पहुंचे भजन गायकों और विशिष्ठ लोगों को आयोजकों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रूद्रपुर से पहुंचे बाबा भक्त मंडल रुद्रपुर के विक्की मुंजाल, समाजसेवी संजय ठुकराल, विनीत जैन, शिवम तागरा, साहिल आहूजा, आदि को भी शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर साथ मे संदीप राओ, गगन ग्रोवर,अंकित बठला आदि भी थे।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहन चालकों को दिये टिप्स

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। परिवहन विभाग अल्मोड़ा के द्वारा टैक्सी स्टैंड अल्मोड़ा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह के द्वारा चालकों को समय-समय पर अपने वाहन का यांत्रिक परीक्षण कराने के साथ-साथ स्वयं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने , नींद



और अस्वस्थता की स्थिति में वाहन संचालित ना करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावितों की सहायता करने का भी आहवान किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप अधीक्षक विमल प्रसाद के द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित गति सीमा व क्षमता में वाहन संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यून किया जा सके । परिवहन विभाग के द्वारा स्वच्छता के दृष्टिगत अल्मोड़ा एवं रानीखेत में वाहन चालको को डस्टबैग भी वितरित किए। इस अवसर पर ट्रेफिक इंस्पेक्टर गणेश हरड़िया, परिवहन कर अधिकारी अखिलेश कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सत्संग का प्रभाव

लुकमान हकीम बहुत विद्वान और सदाचारी था। बीमार हो गया। संचार से सभी को जाना है, हकीम को भी, रोगी को भी। लेकिन जाना उसकी का ही बेहतर होता है जो प्रभु को चित्त में रखकर जाता है। बाप हमेशा अपने पुत्र को नसीहत देता है बेटा मान ले तो तर जाता है, न माने तो डूब जाता है। लुकमान ने भी अपने बेटे को बुलाया कुछ बातें समझाई। बेटे ने पूछा-कुछ और पिताजी। लुकमान ने एक ओर इशारा किया। बेटे ने पास पड़े चंदन के धूपदान से चंदन का चूरा हाथ में लिया। लुकमान के पास वापस आया। कुछ और पिताजी, बेटे ने कुछ और जानना चाहा। लुकान ने फिर एक ओर इशारा किया। बेटा उस तरफ गया। चूल्हे में से कोयला उठाया। हथेली पर रखा और फिर लुकमान के पास आ गया। लुकमान ने फिर एक ओर इशारा किया। लुकमाने फिर इशारा किया पेटे ने पहली हथेली में रंखे चंदन के चूरे को नीचे गिरा दिया। लुकमान ने पुिर इशारा किया। बेटे ने दूसरी हथेली पर रखे गोयले को भी नीचे गिरा दिया। लुकमान ने अंतिम सांस लेते हुए बेटे को कहा। दोनों हथेलियां खाली हैं, कुछ समझे कि नहीं। बेटा समझ नहीं पाया। कहा- मैं समझ नहीं सका आप ही समझाएं। लुकमान ने कहा जिस हथेली पर तुमने चंदन रखा था, उसे गिरा देने पर हथेली पर कोई दाग नहीं लगा। बल्कि हथेली से महक आ रही है और जिस हथेली पर रखे कोयले को तुमने गिराया है उस हथेली पर दाग नजर आ रहा है। बेटे ने कहा हां पिताजी लेकिन आप इसका आशय समझाएं। लुकमान ने कहा-अच्छे आदमियों की संगत चंदन जैसी है। इस संगत में जितनी देर रहोगी तुम अपनी सुगंध बिखरते रहोगे। और दुर्जनों की संगत मे रहना, कोयले के समान है अर्थात दर्जनों की संगत से मन और शरीद दोनों मैले हो जाते हैं। मैला मन संकल्पों विकल्पों में दौड़ता है। इसलिए जीवन में चंदन की वृत्ति वालों की संगत में ही रहना चाहिए। कोयले जैसे दूषित विचारों वाले व्यक्तियों की संगत में नहीं। यही जीवन के दो भूषण हैं। जैसी संगत वैसे ही विचार। शराबी की संगत में रहने वाला जुआरी, ईर्ष्यालु की संगत में रहने वाला ईर्ष्यालु और व्यभिचारी की संगत में रहने वाला व्यभिचारी हही होगा। ईर्ष्यालु व्यक्ति किसी की प्रगति देख नहीं सकता। किसी की शोभा को सहन नहीं कर सकता। ईर्ष्यालु किसी की खुशी नहीं दे सकता। उसके पास चाहे सब कुछ हो लेकिन किसी को यदि कुछ मिल जाये तो जलभुन जाता है, किसी की तारीफ हो जाए तो सोचता है कौन सा कुचक्र रचे कि वह बदनाम हो। लेकिन एक बात स्पष्ट रू से याद रखनी चाहिए। जिसकी जैसी वृत्ति होगी। उसे वैसा ही फल मिलेगा। यह कर्म सिद्धांत है। ईर्ष्यालु और मक्कार कुछ क्षणों के लिए तो सफल हो जाते हैं लेकिन अंतत: उनके अपने जीवन में इतनी विसंगतियां घटती हैं, इतने दुख संताप आते हैं कि वे अपने जीवन से ही निराश हो जाते हैं। इसलिए हमेशा अच्छे व्यक्ति की ही संगत में रहना चाहिए। जहां धर्म चर्चा हो, जहां गुरू वंदना हो, जहां कृणि भक्ति हो, जहां राम भक्ति हो। ऐसा व्यक्ति कृष्णमय हो जाता है, ऐसा व्यक्ति राममय हो जाता है और फिर उसे पराए भी अपने लगने लगते हैं। पाखंडी और ईर्ष्यालु को अपने भी पराए लगते हैं। क्यों कि उसकी दृष्टि दूर तक देख नहीं सकती। लेकिन सत्संगी को पराए भी अपने लगते हैं क्यों कि वह तो सब में अपने गुरूदेव के कृष्ण और राम के दर्शन करता है।

**-नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**





# कांग्रेसजनों ने बिजली कटौती बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के कांग्रेसजनो ने बिजली कटौती बन्द किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। बुधवार को नगर के कांग्रेसजन उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीम तुषार सैनी के माध्यम से भेजा। इस दौरान दिए गए ज्ञापन



में उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा सुबह–शाम अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे आम जनमानस परेशान है। लोगों के घरों में टंकी का पानी भी नहीं आ पा रहा है। वही सरकारी विभागों में कंप्यूटर आदि का काम भी प्रभावित होने के साथ व्यापारियों का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विद्युत कटौती पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस मौके पर ज्ञापन भेजने वालों में कांग्रेस मीडिया प्रभारी वसीम मियां, जानकी कोली, सरस्वती वाला, नीतू, मिताली, दर्शन सिंह, पुष्पा देवी, गीता देवी, मंजू देवी, प्रीतम कौर आदि लोग रहे।

## पेज एक का शेष...

**एसएसपी ने किये** ..पुलिस कार्यालय, हेड कांस्टेबल भुवन चन्द्र पाण्डे को पुलिस लाईन से एसओजी काशीपुर हेड कांस्टेबल शोभा कुशवाहा को पुलिस लाईन से थाना पंतनगर, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार को पुलिस लाईन से थाना केलाखेड़ा, हेड कांस्टेबल कमला मेहरा को पुलिस लाईन से काशीपुर कोतवाली, हेड कांस्टेबल मीना तिवारी को पुलिस लाईन से कोतवाली रूद्रपुर, हेड कांस्टेबल राजकुमार को थाना ट्रांजिट कैम्प से कोतवाली बाजपुर, कांस्टेबल विपिन चन्द्र को पुलिस लाईन से कोतवाली जसपुर, कांस्टेबल चंदन सिंह को पुलिस लाइन से साईबर सेल पुलिस कार्यालय, जोगेन्द्र सिंह को सितारगंज से थाना कुण्डा, विजय कार्की को नानकमत्ता से कोतवाली किच्छा, सरजू ठकुरी को जसपुर से थाना पंतनगर, मो0 मोहसिन को किच्छा से खटीमा, राजेश चन्द को रूद्रपुर से सीपीयू कार्यालय काशीपुर, नवीन सिंह नेगी को पंतनगर से गोपनीय कार्यालय रूद्रपुर, खीम गिरी को खटीमा से जसपुर, शंकर टम्टा को जसपुर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर, नरेन्द्र सिंह कन्याल को पंतनगर से कोतवाली किच्छा, इन्द्र सिंह नेगी को सीपीयू आफिस से कोतवाली जसपुर, मनोज कुमार धामी को पुलभट्टा से कोतवाली खटीमा, जगदीश चन्द्र को अभियोजन कार्यालय जसपुर से पुलिस लाईन, राकेश कुमार को कोतवाली जसपुर से अभियोजन कार्यालय जसपुर, सचिन कुमार के पुलिस लाईन से कोतवाली बाजपुर, मोहन बोरा को पीआरओ सेल एसओजी रूद्रपुर, अरूण कुमार को पुलिस लाईन से कोतवाली जसपुर, अमित कुमार को पुलिस लाईन से कोतवाली रूद्रपुर, दिनेश राजपूत को क्षेत्राधिकारी यातायात कार्यालय से कोतवाली बाजपुर, नवीन चन्द्र रजवार को कोतवाली खटीमा से थाना आईटीआई, भूपेन्द्र बोरा को थाना कुण्डा से थाना आईटीआई, कृष्णा नेगी को थाना ट्रांजिट कैम्प से कोतवाली बाजपुर,मोहम्मद इरफान को कोतवाली खटीमा से कोतवाली रूद्रपुर, गणेश पोडवाल को पुलिस लाईन से पैरोकार उच्च न्यायालय, विजय डसीला को थाना गदरपुर से थाना आईटीआई, हरीश कुमार को थाना आईटीआई से थाना गदरपुर, मुरलीधर पाण्डे को वाचक कार्यालय से थाना आईटीआई, देवेन्द्र कन्याल को थाना बाजपुर से कोतवाली सितारगंज, महेन्द्र डंगवाल को थाना बाजपुर से थाना ट्रांजिट कैम्प, महेन्द्र सिंह को थाना बाजपुर से थाना नानकमत्ता, शंकर सिंह बिष्ट को बाजपुर से थाना दिनेशपुर, ज्ञानेन्द्र को थाना बाजपुर से थाना सितारगंज, नितिन कुमार को थाना बाजपुर से थाना किच्छा, अमित देवरानी को थाना बाजपुर से थाना नानकमत्ता, विरेन्द्र दत्त को थाना आइटी आई से थाना ट्रांजिट कैम्प, देव गिरी को थाना आईटीआई से थाना रूद्रपुर, प्रेम सिंह को थाना आईटीआई से थाना पंतनगर,दलीप सिंह फर्त्यालय को थाना गदरपुर से थाना बाजपुर, शेखर सिंह को थाना किच्छा से थाना बाजपुर, नीरज शुक्ला को कोतवाली रूद्रपुर से आईटीआई, गिरीश पाटनी को कोतवाली सितारगंज से थाना कुण्डा, संतोष रावत को एसओजी रूद्रपुर से पुलिस लाईन, पूजा कुमारी को पुलिस लाईन से थाना दिनेशपुर, नीमा कोहली को एसआईटी पुलिस कार्यालय से थाना दिनेशपुर और पार्वती गोस्वामी को पुलिस लाईन से थाना गदरपुर स्थानांतरित किया गया है।

**दहेज उत्पीड़न...**द्वारा दहेज की खातिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति जयदीप बिष्ट, ससुर सतपाल बिष्ट, सास कमला, देवर प्रदीप और नंद शशी आपस में एक राय होकर दहेज की खातिर अक्सर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उत्पीड़न की इंतहा करते हुए पति ने उसे देहरादून में अलग कमरा लेकर दे दिया और खुद माता–पिता के साथ रहता था। उसने पुलिस को यह भी बताया कि उसके 6 माह का एक बच्चा है। डिलीवरी के समय समुचित देखभाल न होने के कारण उसे बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वर्ष 2022 की 20 फरवरी को लोभी पति ने दहेज की खातिर पत्नी को मायके में छोड़ दिया। इसके बाद से पीड़िता लगातार मायके में रह रही है। इस मामले में पुलिस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। इसी तरह एक अन्य मामले में कुंदन सिंह कॉलोनी मानपुर रोड निवासी मोनिका पत्नी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम धारकोट, पांवों, जिला पौड़ी गढ़वाल निवासी लोकेंद्र शादी के बाद से लगातार उसके साथ अत्याचार कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 2022 की 21 अगस्त को उसके द्वारा महिला हेल्पलाइन में मामले की तहरीर दी गई थी लेकिन कार्यवाही शिथिल होने के कारण पति लगातार उसका उत्पीड़न करता रहा। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि उसका पति अक्सर मोबाइल पर चोरी–छिपे गैर महिलाओं से चौटिंग करता है। विरोध करने पर इस बात को लेकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट आई की जाती है। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**अपहरण के मामले में..**खाना खाते समय जहर गटक लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन फानन में उसे रूद्रपुर के निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जलंधर पंजाब में हंगरी प्वाइंट के नाम से पिज्जा स्टोर चलाता था।उसकी मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मचा है। आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**दिदहाड़े फायरिंग...**गया है कि घटना से पूर्व भी वसीम के साथ आरोपी गुरबाज का विवाद हुआ था। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौर, एसएसआई कमल हसन, चौकी प्रभारी बाजार संदीप शर्मा, एसआई दिनेश परिहार, नीरज शुक्ला आदि शामिल थे।

**स्मैक के ...**ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार नशा कारोबारी से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए पकड़े गए नशा कारोबारी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# बैकुंठपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता) ।बैकुंठपुर नंबर एक में 16 टीमों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए पूर्व ग्राम प्रधान सुनील हालदार ने विधिवत फीता काटकर किया।बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवम सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए दोनो टीमो को शुभकामनाएं दी।उद्घाटन मैच सिसौना और कल्याणपुर के मध्य खेला गया टास जीतकर फिल्डिंग का फैसला किया ।सिसोना की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए कल्याणपुर को 160 रन का लक्ष्य दिया। कल्याणपुर की टीम के कप्तान दीपक कार्की ने 11 छक्के 6 चौके लगाकर



शतक पूरा किया।दूसरी पारी खेलते हुए सिसौना की टीम ने 163 रन बनाकर काटे की टक्कर मैच में 5 विकेट से मैच जीत लिया। सिसौना टीम के कप्तान 69 रन की पारी खेली,जबकि सूरज फर्त्याल नाबाद 33 रन की पारी और 4 विकेट चटाकाकर मैन ऑफ द मैच बने।इस दौरान आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रशांत मजूमदार,नारायण सरकार,जीवन विश्वास,पंचानन मंडल,भोलानाथ राय,तारक राय,आनंद राय,रोहित सरदार,दीपांकर सरकार, प्रकाश हालदार,सुखदेव चक्रवर्ती, सुजीत मंडल , उपस्थित थे। स्कोरर जगदीश और अभिजीत तथा अंपायर बंकिम और बलाई साना तथा उदघोषक राम चंद्र राय रहे।

# दिनेशपुर में युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत, खेत में मिला शव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना दिनेशपुर क्षेत्र में एक युवक की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम को भिजवाया। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की सुबह दिनेशपुर क्षेत्र के ग्राम बुकसौरा निवासी 21 नरेंद्र गांव के पास ही खेत में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। इस पर थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय मौके पर पहुंचे। पुलिस को वह मृत मिला। पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत का सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चलेगा। वह कल से घर से गया था।

# जिहादी गतिविधियों के खिलाफ विहिप ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

काशीपुर। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को चार सूत्रीय ज्ञापन भेजकर हिंदू समाज को हिंसा व घृणा के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है। महामहिम राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में विहिप कार्यकर्ताओं ने बताया कि देश में जिहादी तत्व घृणा तथा आतंक का वातावरण पैदा कर रहे हैं। कभी सर तन से जुदा गैंग पैदा होता है तो कभी लव जिहाद अथवा जिहाद के अन्य प्रकारों से हिंदू समाज को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। बताया कि हिंदू नेताओं पर हमले कर उनकी हत्या करने की अब तक कई मामले सामने आ चुके हैं। 8 जनवरी 23 को असम के करीमगंज जिले के लोवीरपुरा में बजरंग दल के एक 16 वर्षीय कार्यकर्ता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। स्कॉलर पिछले 2 वर्षों में बजरंग दल के नौ कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतार दिया गया जबकि 32 कार्यकर्ताओं पर प्राणघातक हमले हुए। हालिया दिल्ली में घटित घटना भी सांप्रदायिक उन्माद की नजीर है जिसमें एक हिंदू की निर्मम हत्या कर उसके 32 टुकड़े कर दिए गए। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति से मांग किया है कि समाज में घृणा फैलाने वाले झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर मौलवियोंऔर मौलानाओं को भड़काने वालों के खिलाफ कठोर कानून बनाया जाए। हम लोग में सम्मिलित अवयस्क को वयस्क के समान माना जाए। हिंसा के लिए प्रेरित करने वाले तत्व अथवा संगठनों के खिलाफ कठोर कानून बने तथा घृणा पैदा करने वाले मदरसों पर पैनी निगाह रखी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में हितेश कुमार हरिशंकर अभिषेक कश्यप अमित नरेश कुमार बिल्लू तोमर अखिलेश आदि दर्जनों लोग शामिल रहे।

# कांग्रेस शासन में हुआ दारोगा भर्ती घोटाला : रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि कांग्रेस शासन में वर्ष 2002 में दरोगा भर्ती घोटाला हुआ। कांग्रेस ने खुद जांच नहीं बैठाई। जब असफल हुए अभ्यर्थियों ने सूचना अधिकार में जानकारी जुटाई और हाईकोर्ट में अपील की तो सीबीआई जांच हुई। उन्होंने कहा इस मामले में सीध तत्कालीन डीजीपी पीडी रतूड़ी और एडीजी राकेश मित्तल की संलिप्तता पाई गई। उसी दौरान मंडी परिषद में हुई भर्तियों में भी घोटाले हुए। श्री रावत ने कहा वर्ष 2012 से 2017 के बीच कांग्रेस सरकार में एक के बाद एक भर्ती घोटाले हुए। 2015 में फिर दरोगा भर्ती घोटाला किया गया। कोई जांच और कोई कार्रवाई नहीं की। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जरिए हर भर्ती में घोटाला किया। कार्रवाई कुछ नहीं हुई। उन्होंने कहा भाजपा की धामी सरकार ने 2015 के कांग्रेस सरकार में हुए भर्ती घोटाले का पर्दाफाश किया। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाले में 50 से अधिक लोगों को जेल भेजा। अब कांग्रेस शासन में हुए भर्ती घोटाले की कलई खुलने लगी है। इसी से डर कर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। आम जनता कांग्रेस के इस दिखावे से भली भांति समझ चुकी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
IndusInd Bank
YES BANK
citi
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)